राजस्थान सरकार
# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
**Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan**
**Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/**
**e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550**

क्रमांकः— एफ.7(4)प्रवेश नीति/अकाद/आकाशि/2024/03395

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, पुष्कर
अजमेर।

विषयः— नवीन पाठयक्रम एवं विषय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के संबंध में।
सन्दर्भः— आयोजना शाखा का आदेश क्रमांक एफ6(7)आयो/आकाशि/बजट घोषणा/2024—17458 पार्ट—1

महोदय,

परिवर्तित बजट घोषणा 2024—25 की अनुपालना में आयोजना शाखा का आदेश क्रमांक एफ6(7)आयो/आकाशि/बजट घोषणा/2024—17458 पार्ट—1 राजकाज नं 10120185 दिनांक 30.08.2024 द्वारा राजकीय महाविद्यालय, पुष्कर में स्नातक स्तर पर नवीन पाठयक्रम (विज्ञान संकाय) में 02 वर्ग एवं दर्शनशास्त्र विषय प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

आपको निर्देशित किया जाता है कि नवीन पाठयक्रम विज्ञान संकाय में एकीकृत प्रवेश आवेदन प्रपत्र (Common Admission Form) के माध्यम से 3 सप्ताह में ऑफलाईन प्रवेश प्रक्रिया तथा नवीन विषय दर्शनशास्त्र में इच्छुक विद्यार्थियों से 15 दिवस में विकल्प पत्र प्राप्त कर विषय आवंटन करें। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्रवेशित विद्यार्थियों के डाटा को ऑनलाईन एडमिशन पोर्टल पर इन्द्राज करवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी https://dceapp.rajasthan.gov.in/ साईट से एकीकृत प्रवेश आवेदन प्रपत्र (Common Admission Form) डाउनलोड कर पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करवाये।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि प्रवेश प्रक्रिया में हुये विलम्ब के कारण शिक्षण कार्य में आये व्यवधान से कार्य दिवसों की क्षतिपूर्ति के लिए प्राचार्य अपने स्तर पर नियमानुसार अतिरिक्त कक्षाऐं लगवाकर अकादमिक सत्र में शैक्षणिक कार्य दिवस पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त प्रवेश कार्यक्रम हेतु प्राचार्य अपने स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार—प्रसार करना सुनिश्चित करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

प्रतिलिपिः—

1. विशिष्ट सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, जयपुर।
4. रजिस्ट्रार, संबद्धक विश्वविद्यालय, राजस्थान।
5. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु।

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2024.09.11 12:17:42 IST
Reason: Approved